# लायंस स्कूल, मीरजापुर

## यूनिट टेस्ट -- II , 2020 -21

कक्षा :- 11 अधिकतम अंक :- 25

विषय :-हिंदी ऐच्छिक समय:- 50 मिनट

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर स्पष्ट अक्षरों में लिखिए ।

प्रश्न -1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2X2.5= 5 )

भौरन को गुंजन बिहार बन कुंजन में ,

मंजुल मलारन को गावनो लगत है।

कहै पद्माकर गुमानहूँ ते मानहूँ तै ,

प्रानहूँ तै प्यारो मनभावनो लगत है।।

मोरन को सोर घनघोर चहूँ ओरन ,

हिंडोरन को बृंद छवि छावनो लगत हैं ।।

नेह सरसावन में मेह बरसावन में ,

सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है ।

( क ) उपरोक्त काव्यांश का भाव सौंदर्य लिखिए ।

( ख ) उपरोक्त काव्यांश का शिल्प सौंदर्य लिखिए ।

प्रश्न -2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - ( 1x5=5 )

( क ) वसंत को ऋतुराज कहा गया है क्योंकि_

1 - संपूर्ण जगत की नीरसता श्रृंगार रस में बदल जाती है ।

2 - पक्षी कलरव करने लगते हैं ।

3 - वृक्षों और लताओं पर नए-नए पुष्प_ पत्र आते हैं ।

4 - उपरोक्त सभी

( ख ) प्रथम कवित्त ' औरे भाँति कुंजन में .....' में कवि ने किस प्रसंग का वर्णन किया है

1 - गोकुल में होली के उत्सव का

2 - बसंत के आगमन पर प्रकृति में हुए परिवर्तन का

3 - ब्रज में दीपोत्सव का

4 - उपरोक्त में से कोई नहीं

( ग ) छलिया छबीले छैल औरे छवि छ्वै गए। पंक्ति में अलंकार है -

1 - रूपक अलंकार

2 - अनुप्रास अलंकार

3 - श्लेष अलंकार

4 - पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

( घ ) गोपी श्री कृष्ण के प्रेम रंग में डूबी रहना चाहती है, निचुड़ना नहीं .....। यह भाव किस पंक्ति में व्यक्त हुआ है-

1 - कहै पद्माकर सु औरे भांति गलियनि

2 - कहै पद्माकर गुमानहूं ते मानहूँ तै ,

प्रानहूँ तै प्यारो मनभावनो लगत है

3 - हौ तो स्याम _ रंग में चुराई चित चोराचोरी,

बोरत तो बोरयौ पै निचोरत बनै नही

4 - औरै रस औरै रीति औरै राग औरै रंग ,

औरै तन औरै मन औरै बन हवै गए

( ड़ ) ऐसे ऋतुराज वसंत के आए अभी ___ दिन हुए है ?

1 - दस

2 - पंद्रह

3 - दो

4 - चार

प्रश्न- 3 ( अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए ( 1x4=4)

( क ) फिल्मी इश्तिहार छापे जाते थे_

1 - अखबारी कागज पर

2 - बांसी कागज पर

3 - रंगीन पतंगी कागज पर

4 - सफेद कागज पर

( ख ) यह वाक्य किसने ,किससे कहा - “इसे बड़ौदा छोड़ आओ , वहां लड़कों के साथ इसका दिल लग जायेगा । मजहबी तालीम , रोज़ा नमाज़ , अच्छे आचरण के चालीस सबक , पाकीज़गी के बारह तरीके सीख जायेगा ।”

1 - लेखक के पिता ने लेखक के चाचा को

2 - लेखक के पिता ने लेखक के मामा को

3 - लेखक के पिता ने बेंद्रे साहब से

4 - लेखक के दादा ने लेखक के पिता से

( ग ) कोल्हापुर के __ की फिल्म 'सिंहगढ़ " का विज्ञापन किया जा रहा था -

1 - सत्यजीत राय

2 - बलराज साहनी

3 - पृथ्वीराज कपूर

4 - शांताराम

( घ ) मकबूल को स्कूल में बड़ी चिड़िया का चित्र बनाने पर 10 में 10 अंक मिले । इससे यह उद्घाटित होता है कि-

1 - लेखक प्रतिभाशाली है

2 - लेखक जन्मजात कलाकार है

3 - लेखक अभिनेता है

4 - लेखक रचनाकार है

( ब ) ' बड़ौदा का बोर्डिंग स्कूल' आत्मकथा के लेखक ने किस प्रकार अपने बचपन की शरारती प्रवृत्ति का वर्णन किया है?

( 2 )

प्रश्न -4  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।   ( 1x3=3 )

( क ) हरिशंकर परसाई किस पाठ के लेखक हैं -

1 - अंडे के छिलके

2 -  खानाबदोश

3 - ज्योतिबा फुले

4 -  टॉर्च बेचने वाले

( ख ) दोनों मित्रों के सामने आसमान को छूता हुआ एक ही सवाल था-

1 - क्या साहूकारों ने ज्यादा तंग करना शुरू कर दिया?

2 - क्या चोरी के मामले में फंस गए हो?

3 - पैसा कैसे पैदा करें ?

4 - आखिर बाहर का टॉर्च भीतर की आत्मा में कैसे घुस गया?

( ग ) 'गूंगें ' कहानी में एक गूंगे किशोर के माध्यम से_ का चित्रण है-

1 - निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की आर्थिक स्थिति का

2 - समाज में स्त्री की शोचनीय स्थिति का

3 - शिक्षा के बाजारीकरण का

4 - शोषित मानव की असहाय स्थिति का

प्रश्न - 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए_।   ( 2x3=6 )

( अ ) जसदेव द्वारा मानो  की रोटी ना लेने पर मानो ने उससे क्या कहा?

( ब )  गूंगे नहीं बसंता को क्यों नहीं मारा?

( स ) टॉर्च बेचने वाले को लेखक की कौन सी बात बुरी लगी?